आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 22.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्य मंत्रिमंडल ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा अवधि बढ़ाकर 65 वर्ष करने और विद्युत सुरक्षा विभाग में 80 नये पदों के सृजन को मंजूरी दी।
- केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा– वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना सरकार का लक्ष्य है।
- पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बागेश्वर के लिए चालू वित्तीय वर्ष में 59 करोड़ 62 लाख रुपए का परिव्यय अनुमोदित किया।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में 53वीं जीएसटी परिषद बैठक की अध्यक्षता की।

राज्य मंत्रिमंडल बैठक

राज्य मंत्रिमंडल ने उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड मिनिस्ट्रीयल संवर्गीय पदों पर संविलियन नियमावली–2024 प्रख्यापन किये जाने और विशेषज्ञ डॉक्टर की सेवा अवधि 65 वर्ष किये जाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज देहरादून में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली ने बताया कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के तहत देहरादून में खाद्य विश्लेषणशाला स्थापित किये जाने और विश्लेषणशाला के लिए संबंधित पद सृजन किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। देहरादून जिले में महासू देवता का मास्टर प्लान के तहत सुनियोजित विकास करने के लिए परिसर में अधिवास कर रहें परिवारों को विस्थापित किये जाने के प्रस्ताव पर भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में विद्युत सुरक्षा विभाग के तहत 80 नए पदों को मंजूरी दी गई है। वहीं उत्तराखंड एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण विधेयक, 2024 को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा राज्य कर्मचारियों को बैंक के जरिए दुर्घटना लाभ दिया जाएगा। इसके लिए सरकार बैंकों के साथ एमओयू करेगी। वहीं पर्यटन नीति– 2018 में संशोधन को मंजूरी के साथ ही कई अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई है।

अजट टम्टा

केंद्र सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार कार्ययोजना बनाने में जुटी है। यह जानकारी देते हुए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने बताया कि भारत को विकसित देश बनाने के उद्देश्य से सभी मंत्रालयों को अगले 100 दिन का कार्य दिया गया है, जिस पर तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ राज्य में भी विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। श्री टम्टा ने कहा कि कुमाऊं मंडल में टनकपुर–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर जल्द ही चंपावत, लोहाघाट और पिथौरागढ़ में बाईपास का निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि पिथौरागढ़ और लोहाघाट के बाईपास में सुरंग प्रस्तावित है, जिसके लिए ड्रोन से सर्वे किया जा रहा है। श्री टम्टा ने कहा कि देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आदि कैलाश पहुंच रहे हैं, इसे देखते हुए धारचूला से ज्योलिंगकांग तक सड़क की मरम्मत करने और खतरे वाले स्थानों पर सुरंग की संभावना तलाशने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

देव संस्कृति विश्वविद्यालय

हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय में आज सिख समाज और सनातन संस्कृति का विशिष्ट समागम हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि गायत्री परिवार और निहंग समाज का यह मिलन नई पीढ़ी में साहस, शौर्य और पराक्रम जगाने का समागम है। उन्होंने कहा कि यह समागम देश, राष्ट्र के लिए एक मिसाल बनेगा और राष्ट्र निर्माण की एक नई धारा बहेगी। डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि भारत को अक्षुण्य बनाये रखने में सिख सम्प्रदाय का महत्वपूर्ण योगदान है।

परीक्षा कानून

केंद्र ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए कड़ा कानून बनाया है। इसमें दोषियों को अधिकतम 10 साल की सजा और 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। आधिकारिक अधिसूचना में कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि यह प्रावधान आज से लागू हो जायेंगे। सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधन रोकथाम विधेयक में धोखाधड़ी रोकने के लिए न्यूनतम तीन से पांच साल की कैद का प्रावधान रखा गया है।

जिला योजना बैठक

पशुपालन मंत्री और बागेश्वर जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा की अध्यक्षता में आज जिला योजना की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न विभागों के लिए 59 करोड़ 62 लाख रुपए का परिव्यय अनुमोदित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इससे जिले के विकास कार्यों में तेजी आएगी। पशुपालन मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए प्रत्येक जनप्रतिनिधियों की ज्यादा जिम्मेदारी होती है, इसलिए सबका विश्वास, धैर्य और विकास की भावना से मिलकर कार्य को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पिछले बार की अपेक्षा इस बार जिला योजना का बजट आठ प्रतिशत बढ़ाया गया है, जिसमें स्वरोजगार पर विशेष बल दिया गया है।

सत्यापन

प्रदेश में बढ़ते अपराध को देखते हुए सरकार सतर्क हो गई है। सरकार ने राज्य में रह रहे बाहरी लोगों का सत्यापन कराने का निर्णय लिया है। आज देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हाल ही में देहरादून में हुई घटना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राज्य में रह रहे बाहरी लोगों का सत्यापन भी कराया जाएगा।

लोक निर्माण सचिव

लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ पंकज कुमार पांडे ने आज अल्मोड़ा में आयोजित बैठक में अधिकारियों को योजनाओं के लक्ष्य पूर्ति के अतिरिक्त विशेष उपलब्धियों पर काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए नवाचार व तकनीकी पर अधिकारियों को विशेष ध्यान देना होगा। मनरेगा की समीक्षा के दौरान डॉ. पांडे ने कहा कि जो भी काम किए जा रहें हैं, उनमें लोगों की आर्थिकी को बढ़ाने की गतिविधियों को शामिल किया जाए। उन्होंने जिले में बने अमृत सरोवरों में मत्स्य पालन के माध्यम से लोगों की आर्थिकी बढ़ाने पर जोर दिया।

ईवीएम रेंडमाइजेशन

प्रदेश में बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए आज ईवीएम का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। चमोली जिले में नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनीता रामचन्द्रन, जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज ईवीएम का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। वहीं, हरिद्वार के जिला निर्वाचन अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम, वीवीपैट का निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से पहला रेंडमाइजेशन किया गया।

जीएसटी बैठक

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में 53वीं जीएसटी परिषद बैठक की अध्यक्षता की। नई सरकार के गठन के बाद जीएसटी परिषद की यह पहली बैठक है। इससे पहले वित्त मंत्री ने नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की। इस बैठक में प्रदेश के वित्त मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने हिस्सा लिया। बैठक में डॉ अग्रवाल ने उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए आगामी बजट में विशेष रूप से सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का अनुरोध किया।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है, जबकि मैदानी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बारिश की चेतावनी को देखते हुए चारधाम यात्रियों से मौसम पूर्वानुमान देख कर ही यात्रा करने की अपील की गयी है। साथ ही यात्रा के दौरान अपने साथ में आवश्यक सामाग्री रखने की सलाह दी गयी है।

## आकाशवाणी समाचार

आकाशवाणी समाचार को भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रैंड में से एक माना गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म, के हाल ही में कराए गए एक सर्वेक्षण में, देश के मीडिया जगत में आकाशवाणी समाचार की श्रेष्ठता की पुष्टि की गई है। डिजिटल न्यूज़ रिपोर्ट वर्ष 2024 के हिस्से के रूप में जारी, इस वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार आकाशवाणी समाचार विश्वसनीयता के पैमाने पर देश के अन्य प्रमुख मीडिया संस्थानों की तुलना में काफी आगे है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कहा कि यह सभी परिस्थितियों में सच्ची और प्रमाणित खबरें प्रसारित करने की आकाशवाणी समाचार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।